**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 15.04.2024

समय : 0705

**<><><><><><><>**

- द्वीपों के निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने कहा कि उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए ईं वी एम सहित चुनाव सामग्रियां भेजने का कार्य आरंभ हो चुका है।
- भारतीय चुनाव आयोग की ओर से उन्नीस अप्रैल की सुबह सात बजे से लेकर एक जून संध्या साढ़े छः बजे तक एक्ज़िट पोल पर प्रतिबंध लगाया गया है।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए पुलिस विभाग भी पूरी तरह तैयार है।
- सविधान निर्माता डॉ. बी.आर अम्बेडकर की एक सौ तैंतीसवीं जयंती के अवसर पर आज डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।
- उन्हत्तरवां अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने अपने संदेश में कहा कि आज बहादुर अग्निशमन सेनानियों के साहसी और निस्वार्थ समर्पण को याद करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नेरन्द्र मोदी ने कल जन सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र युवा शक्ति, महिला शक्ति, किसानों और गरीबों को समर्पित है। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र का लक्ष्य एक सौ चालीस करोड़ लोगों को सपनों को हकीकत में बदलना है। ये संकल्प पत्र देश को आत्मनिर्भर की ओर ले जाने वाला है और इसमें युवा भारत का संकल्प दर्शाया गया है। उन्होंने कहा कि हम परिणाम लाने पर काम करते है और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि ये नया भारत रफ्तार पकड़ चुका है और इसे रोकना मुशकिल होगा।

श्री मोदी ने कहा सामाजिक, भौतिक और डिजिटल बुनियादी ढांचे का मजबूत विस्तार भाजपा की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व में बढ़ती आस्थिरता और तनाव के बीच देश में एक मजबूत और स्थिर सरकार की आवश्यता पर बल दिया है। भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र को जारी करते

समय प्रधानमंत्री ने कहा कि विभिन्न देशों में संकट के समय भारतीय की सुरक्षा उनकी सरकार की प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में बहुमत से चुनी गई मतबूत और स्थिर सरकार की आवश्यकता कई गुना बढ़ जाती है। इस बीच प्रदेश भाजपा आज अपना संकल्प पत्र जारी करेगी।

<><><><><><>

द्वीपसमूह में उन्नीस अप्रैल को होन वाले मतदान की तैयारियों की समीक्षा के लिए कल सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी एस जगलान की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में श्री जगलान ने सभी से चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए आपसी समन्वय बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने जिला उपायुक्तों, सहायक उपायुक्तों और सहायक निर्वाचन अधिकारियों से त्रुटिमुक्त मतदान कराने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा। श्री जगलान ने मतदान के दिन प्रत्येक दो घंटे में मतदान की रिपोर्ट सभी केन्द्रों से देने को कहा। उन्होने बताया कि मतदान कर्मियों की बेतरतीब नियुक्ति का कार्य आज किया जाएगा और संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों के माध्यम से उन्हें सूचित कर दिया जाएगा। वाहनों की जांच के संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इस दौरान गुनेहगारों को बक्शा नही जाएगा लेकिन आम जनता को भी परेशानी न हो इसका भी ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने सभी उप–निर्वाचन अधिकारियों से द्वीपों के सभी मतदान केन्द्रो मे ंआश्वस्त न्यूनतम सुविधाए सुनिश्चित करने को कहा। निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने कहा कि द्वीपों के किसी भी मतदान केन्द्रों में चुनाव नहीं रुकना चाहिए। ई वी एम से संबंधित परेशानियां होने पर तुरन्त सेक्टर अधिकारियों और ई सी आई एल के अभियंताओं से संम्पर्क करे।

<><><><><><>

बैठक को राज्य पुलिस नोडल अधिकारी मोनिका भारदवाज ने भी संबोधित किया और कहा कि अंडमान निकोबार पुलिस द्वीपों में स्वतंत्र निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराने में कोई कोर कसर नही छोड़ेगी।

<><><><><><>

देश के सत्रह राज्यों के साथ द्वीपसमूह में भी पहले चरण के तहत उन्नीस अप्रैल को मतदान होगा। पहले चरण में द्वीपसमूह सहित लोकसभा की कुल एक सौ दो सीटों के लिए मतदान होगा। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में इस चुनाव को लेकर तैयारिया पूरी कर ली गई है। इस चुनाव में दुर्गम और दूर दराज के मतदान केन्द्रों के लिए कुल इक्सठ सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। सामान्य पर्यवेक्षक की निगरानी में ये सभी सूक्ष्म पर्यवेक्षक काम करेंगे और संबंधित मतदान केन्द्रों में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना सामान्य पर्यवेक्षक को देंगे। कल इन पर्यवेक्षकों की बेतरतीब नियुक्ति का काम पूरा किया गया।

इस अवसर पर इन्हें संबोधित करते हुए सामान्य पर्यवेक्षक बी एन सिंह से सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की मतदान में भूमिका और जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने पर्यवेक्षकों से मतदान केन्द्रों की स्थिति की समय पर जानकारी देने को कहा। उन्होंने सूक्ष्म पर्यवेक्षकों से ड्यूटी के दौरान व्यक्तिगत टिप्पणी करने से दूर रहने और पूरे पेशेवर तरीके से ड्यूटी को अंजाम देने को कहा। द्वीपों के निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने सूक्ष्म पर्यवेक्षकों से अनुरोध किया कि वे बनावटी मतदान से लेकर चुनाव सम्पन्न होने तक पूरी प्रक्रिया पर नजर रखे। किसी भी पेरशानी के लिए सामान्य पर्यवेक्षक या उनसे सम्पर्क करें। मैन पावर और प्रबंधन के नोडल अधिकारी आनन्द वर्धन मिश्रा ने भी संबोधित करते हुए कहा कि सारी व्यवस्थाए और प्रबंधन कर ली गई है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में ई वी एम और अन्य चुनाव सामग्रियां भेजने का कार्य आरंभ हो चुका है। द्वीपों के निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने बताया कि आज रंगत, मायाबन्दर, डिगलीपुर और लिटिल अंडमान के लिए जलयान रवाना होंगे और अगले दिन इन क्षेत्रों में चुनाव सामग्रिया पहुंच जाएंगी।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में नवरात्रि का पर्व श्रद्धाभाव और भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। आज नवरात्रि का सातवां दिन है और आज देवी की कालरात्रि रूप की अराधना की जा रही है।

<><><><><><><>

अग्निशमन दिवस के अवसर पर कल पोर्ट ब्लेयर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अग्निशमन मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने द्वीपों में अग्निशमन विभाग द्वारा लोगों की जान माल की सुरक्षा में दिए जा रहे योगदान की सराहना करते हुए कहा कि अग्निशमन कर्मियों का विभिन्न अग्नि और आपातकालीन स्थिति में सेवाएं देने में महत्वपूर्ण भूमिका है। सामुदायिक कल्याण में भी अग्नि मित्र अपना योगदान दे रहे है। उन्होने अग्निशमन विभाग को और मजबूती प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। पिछले वर्ष ड्यूटी को अंजाम देते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले दमकल की याद में दो मिनट का मौन भी रखा गया।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मायाबन्दर तहसील में चुनाव जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी दिलखुश मीणा ने इस रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। अपने संबोधन में उन्होंने जिले में उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए की गई व्यवस्था की जानकारी देते हुए आम जनता से अनुरोध किया कि वे अपने मताअधिकार का प्रयोग अवश्य

करे। इसके अलावा जिला उपायुक्त ने रंगत तहसील के चुनाव से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक की और चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। हंसपुरी गांव में भी स्वीप गतिविधियां चलाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस क्षेत्र में करीब तीन सौ बीस मतदाता है और ये गांव मायाबन्दर क्षेत्र से सैंतीस किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

**<><><><><><><>**

डॉ. बी आर अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर कल पोर्ट ब्लेयर में श्रद्धाजंलि कायक्रर्म आयोजित होने के समाचार को– **द डेली टेलीग्रम्स** ने अपनी बड़ी खबर बनाया है। द्वीपों में स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुचारू और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक की– **द्वीप समाचार** की खबर है। स्वीप गतिविधि के अंतर्गत मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए पुलिस विभाग द्वारा वॉक्थान ओयोजित करने के समाचार को– **इंफो इंडिया** ने अपने पहले पृष्ठ में जगह दी है जबकि आई पी एल से जुड़े समाचार को– **द इको ऑफ इंडिया** ने अपने खेल पृष्ठ में जगह दी है।

**<><><><><><><>**